# एक स्वच्छ पकड़ विधि पेशाब का नमूना कैसे एकत्र करें

## शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए

## स्वच्छ पकड़ विधि

**1**



नमूना एकत्र करने से पहले और बाद में अपने हाथों को साबुन और पानी से धोएँ।

**2**



डिब्बे का ढक्कन हटाएँ और उसे एक साफ़ जगह पर इस तरह रखें कि उसका अंदर का हिस्सा ऊपर की ओर हो।

**3**



टॉयलेट-ट्रेंड बच्चों के लिए, अपने आप को इस स्थिति में करें कि जब बच्चा पेशाब करे, तो आप डिब्बे में थोड़ा पेशाब (मूत्र) इकट्ठा कर सकें। पेशाब की शुरुआती कुछ बूंदों को न लें और बीच की धार का पेशाब एकत्र करें। डिब्बे में जितना हो सके उतना, या अगर उस पर कोई निशान बना हो, तो उस निशान तक पेशाब भरें, लेकिन ध्यान रखें कि वह बाहर न गिरे।

**4**



बहुत से शिशु और छोटे बच्चे कुछ पीने या दूध पिलाने के थोड़ी देर बाद ही पेशाब कर देते हैं। आप नैपी न पहने गए समय के दौरान नमूना एकत्र करने की कोशिश कर सकते हैं।
दूध पिलाने के बाद।

- डिब्बा तैयार रखें और बच्चे की नैपी उतार दें। उनके जननांगों को साफ़ करें और सुखाएं।
- बच्चे को धोने लायक कपड़े या पैड पर लिटाएं और उस पर नज़दीकी से नज़र रखें।
- जब वे पेशाब करना शुरू करें, तो डिब्बे को उनकी त्वचा से दूर रखें। और थोड़ा पेशाब एकत्र करें।

**5**



सुप्राप्यूबिक क्षेत्र (पेट के सबसे निचले हिस्से के बीच वाले भाग) को ठंडी, गीली पट्टी या रुई से धीरे-धीरे रगड़ना बच्चे को पेशाब करने के लिए उत्साहित कर सकता है।

**6**



एक बार जब आप नमूना एकत्र कर लें, तो तुरंत डिब्बे का ढक्कन लगा दें और उसे सुरक्षित तरीके से कस दें।

**7**



पेशाब एकत्र करने के लिए पैड, रुई, जालीदार पट्टी या किसी और चीज़ों का उपयोग न करें, क्योंकि ये परीक्षण के नतीजों पर प्रभाव डाल सकते है।

## सामान्य बातें

- नमूना एकत्र करने से पहले **बच्चे के जननांगों को साफ़ करें और सुखाएं।**
- पेशाब का एक नमूना लेने से पहले और बाद में हमेशा साबुन और पानी से **अपने हाथ धोएं।**
- **जब तक** आप नमूना लेने के लिए तैयार न हों, तब तक **जीवाणुरहित डिब्बे को न खोलें।**
- **डिब्बे के अंदरूनी हिस्से को छूने से बचें**, और बच्चे के जननांगों को भी इसके किसी हिस्से से न छूने दें।
- **नमूना लेने से पहले डिब्बे पर लेबल लगाएँ** यदि आपके स्वास्थ्यसेवा पेशेवर ने आपसे ऐसा करने के लिए कहा है।

## जानकारी का सारांश

**एक स्वच्छ-पकड़ पेशाब का नमूना क्या है?**

एक स्वच्छ पकड़ विधि पेशाब का नमूना वह है जिसे त्वचा, जननांगों या किसी भी सतह के संपर्क में लाए बिना, सीधे एक डिब्बे में एकत्र किया जाता है।

**मुझे एक स्वच्छ पकड़ विधि पेशाब का नमूना लेने की आवश्यकता क्यों है?**

यह तरीका शरीर के बाहर के कीटाणुओं को पेशाब में जाने से रोकने में मदद करता है, जिससे परीक्षण के नतीजे अधिक सटीक मिलते हैं।

**क्या मैं घर का कोई जार या डिब्बा इस्तेमाल कर सकता/ती हूँ?**

नमूना एकत्र करने के लिए आपको उसी डिब्बे का उपयोग करना चाहिए जो आपके स्वास्थ्यसेवा पेशेवर ने आपको दिया है।

**क्या इससे कोई फ़र्क पड़ता है कि मैं कब नमूना एकत्र करता/ती हूँ?**

सबसे अच्छी गुणवत्ता का नमूना पाने के लिए, अपनी अपॉइंटमेंट के समय के जितना करीब संभव हो नमूना एकत्र करने की कोशिश करें। बच्चे द्वारा एंटीबायोटिक्स लेने से पहले नमूना लेने की कोशिश करें।

## पेशाब का एक नमूना वापस करने के लिए सुझाव.

**नमूना जल्दी वापस करें।** इसे जल्द से जल्द अपने स्वास्थ्यसेवा प्रदाता के पास ले जाएँ – आदर्श रूप में दो घंटे के अंदर।

**इसे ठंडा रखें**
यदि आप नमूना जल्दी नहीं पहुँचा सकते, तो इसे तब तक प्लास्टिक की थैली में डाल कर फ्रिज में रखें जब तक आप इसे पहुँचा नहीं सकते।

**वापस करने का समय पता करें**
पूछें कि नमूना वापस करने का आखिरी समय क्या है, ताकि वह उसी दिन लैब तक पहुँच सके।

**विशेष जीवाणुरहित डिब्बों का उपयोग करना**
कुछ डिब्बों में प्रिजर्वेटिव पाउडर और भरने के लिए एक निशान वाली लाइन होती है। लाइन तक भरने की कोशिश करें, लेकिन अगर आप ऐसा नहीं कर सकते, तो जितना हो सके उतना पेशाब एकत्र करें।

अधिक जानकारी के लिए यहाँ **स्कैन करें**

© क्राउन कॉपीराइट 2026. संस्करण 1. प्रकाशित: जुलाई 2026. संशोधन तिथि: जुलाई 2029। यह दस्तावेज़ स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के सहयोग से विकसित किया गया है। मरीज़ और पेशेवर चिकित्सा संस्थाएँ। टारगेट का संचालन यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा किया जाता है।